PLANET NEWS INDIA
हर खबर सच के साथ
Follow us on:/
मंगलवार 14 अप्रैल 2026




# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया
हर खबर सच के साथ
RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

## बाबा साहेब की 135वीं जयंती: राष्ट्रपति, PM मोदी समेत नेताओं ने डॉ. आंबेडकर को किया नमन

देशभर में आज डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई जा रही है। इस मौके पर द्रौपदी मुर्मू, नरेंद्र मोदी और मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कई बड़े नेताओं ने संसद परिसर स्थित आंबेडकर प्रेरणा स्थल पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि बाबा साहेब ने अपना जीवन वंचित और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित किया और उनके आदर्श आज भी देश को दिशा देते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने उनके योगदान को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणादायक बताया। वहीं राहुल गांधी ने कहा कि कुछ ताकतें बाबा साहेब की विरासत और संविधान को कमजोर करने की कोशिश कर रही हैं। अमित शाह ने उन्हें सामाजिक न्याय का पुरोधा बताते हुए कहा कि उन्होंने देश को मजबूत संविधान देकर लोकतंत्र की नींव रखी। इस अवसर पर राजनाथ सिंह समेत अन्य नेताओं ने भी बाबा साहेब को नमन करते हुए उनके विचारों को अपनाने का संदेश दिया।




## ठाणे सड़क हादसा: सीमेंट मिक्सर चालक गिरफ्तार
### RTO ने अवैध गाड़ियों में सफर से बचने की दी चेतावनी



महाराष्ट्र के ठाणे जिले में हुए दर्दनाक सड़क हादसे के बाद पुलिस ने सीमेंट मिक्सर ट्रक के चालक को गिरफ्तार कर लिया है। इस हादसे में ओवरलोडेड वैन और सीमेंट मिक्सर की आमने-सामने टक्कर में 11 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, 26 वर्षीय चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) और मोटर वाहन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। शुरुआती जांच में सामने आया कि वैन की क्षमता केवल 6 यात्रियों की थी, लेकिन उसमें 11 लोग सवार थे, जो हादसे की गंभीर वजह बनी। जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि इलाके में अवैध टैक्सी सेवाएं धड़ल्ले से चल रही हैं, जहां प्रति सीट 70 से 100 रुपये तक लेकर क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाया जाता है।

इस घटना के बाद क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (RTO) ने लोगों से अपील की है कि वे अनधिकृत और अवैध वाहनों में यात्रा करने से बचें और केवल पंजीकृत व सुरक्षित परिवहन का ही उपयोग करें। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि छुट्टियों के मौसम में बढ़ते ट्रैफिक के बीच इस तरह की लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है। वहीं, RTO ने बताया कि अवैध परिवहन के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और पिछले एक साल में सैकड़ों वाहनों पर कार्रवाई करते हुए लाखों रुपये का जुर्माना वसूला गया है।

## Bihar New CM: इस्तीफे से पहले एक्टिव मोड में
### नीतीश कुमार, मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम तय



बिहार की राजनीति में इन दिनों हलचल अपने चरम पर है और कयास लगाए जा रहे हैं कि नीतीश कुमार जल्द बड़ा फैसला ले सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, इस्तीफे से पहले उनका मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम तय किया गया है, जिसमें वे पहले अपने करीबी नेताओं और गठबंधन सहयोगियों के साथ लगातार बैठकें करेंगे। इसके साथ ही वे पार्टी विधायकों से भी मुलाकात कर आगे की रणनीति और संभावित सत्ता परिवर्तन पर चर्चा कर सकते हैं। बताया जा रहा है कि वे कुछ महत्वपूर्ण प्रशासनिक फाइलों को भी क्लियर करेंगे, ताकि किसी तरह का काम लंबित न रहे।

राजनीतिक गलियारों में यह भी चर्चा है कि राज्यपाल से मुलाकात का समय भी तय किया जा सकता है, जहां वे औपचारिक रूप से इस्तीफा सौंप सकते हैं। वहीं, दूसरी ओर नई सरकार के गठन को लेकर भी गतिविधियां तेज हो गई हैं और संभावित नए मुख्यमंत्री को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। ऐसे में बिहार की सियासत बेहद संवेदनशील मोड़ पर खड़ी है, जहां हर छोटा कदम बड़ा राजनीतिक बदलाव ला सकता है। अब सबकी नजर इस बात पर टिकी है कि नीतीश कुमार कब और क्या अंतिम फैसला लेते हैं, क्योंकि उनका अगला कदम राज्य की राजनीतिक दिशा तय कर सकता है।

## वेतन की जंग में फिर जला नोएडा: 13 साल बाद भी वही मांगें वही बवाल—क्या बदला कुछ भी नहीं?

उत्तर प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक शहर नोएडा में एक बार फिर मजदूरों का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा, जहां वेतन और श्रमिक अधिकारों को लेकर शुरू हुआ आंदोलन कई जगहों पर हिंसक हो गया। हैरानी की बात यह है कि यह पूरा घटनाक्रम 13 साल पहले वर्ष 2013 की याद दिलाता है, जब ठीक इसी तरह फेज-2 औद्योगिक क्षेत्र से शुरू हुआ प्रदर्शन पूरे शहर में फैल गया था और सैकड़ों कंपनियों में तोड़फोड़ के साथ भारी आर्थिक नुकसान हुआ था। इस बार भी हालात कुछ अलग नहीं रहे—प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़पें हुईं, कई जगहों पर पथराव हुआ और वाहनों में आगजनी की घटनाएं सामने आईं, जिससे पूरे शहर में तनाव का माहौल बन गया। पुलिस के अनुसार, शहर के 83 स्थानों पर करीब 42 हजार श्रमिकों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया, जिनमें से कुछ स्थानों पर स्थिति बेकाबू हो गई, जबकि बाकी जगहों पर बातचीत के जरिए हालात को संभाल लिया गया। अब तक 60 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है और 200 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि बाहरी तत्वों की भी भूमिका की जांच की जा रही है, जिन्होंने माहौल को भड़काने की कोशिश की।



वहीं, उद्योग संगठनों के मुताबिक इस हिंसा से एक बार फिर करोड़ों रुपये के नुकसान का अंदेशा है, जिससे औद्योगिक गतिविधियों पर असर पड़ सकता है। मजदूरों की मांगें भी नई नहीं हैं, बल्कि वर्षों से चली आ रही समस्याओं से जुड़ी हैं—जैसे न्यूनतम वेतन का सही भुगतान, ओवरटाइम पर दोगुना पैसा, हर महीने समय पर वेतन और उसकी स्लिप, साप्ताहिक अवकाश और कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों का पालन। श्रमिकों का आरोप है कि हर बार आंदोलन के बाद उन्हें सिर्फ आश्वासन मिलता है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस सुधार नहीं होता, जिसके चलते उन्हें बार-बार सड़कों पर उतरना पड़ता है। पूरे घटनाक्रम पर लखनऊ से भी नजर रखी जा रही है और योगी आदित्यनाथ खुद स्थिति की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। प्रशासन की ओर से एक हाई पावर कमेटी का गठन किया गया है, जो श्रमिकों की मांगों और हालात का आकलन करेगी। इसके साथ ही शहर में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है ताकि कानून-व्यवस्था को बनाए रखा जा सके।

हालांकि, सबसे बड़ा सवाल अब भी बना हुआ है कि क्या इस बार मजदूरों की समस्याओं का स्थायी समाधान निकलेगा, या फिर नोएडा एक बार फिर इतिहास को दोहराते हुए ऐसे ही आंदोलनों और हिंसा का गवाह बनता रहेगा। स्थिति को देखते हुए प्रशासन और उद्योग जगत दोनों के सामने बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है, क्योंकि एक ओर जहां कानून-व्यवस्था बनाए रखना जरूरी है, वहीं दूसरी ओर लाखों श्रमिकों की नाराजगी को नजरअंदाज करना भी आसान नहीं है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते श्रमिकों की मूल समस्याओं—खासतौर पर वेतन, काम के घंटे और सुरक्षा—का ठोस समाधान नहीं निकाला गया, तो ऐसे आंदोलन आगे और भी बड़े रूप ले सकते हैं। फिलहाल नोएडा में हालात धीरे-धीरे सामान्य करने की कोशिश की जा रही है, लेकिन अंदर ही अंदर असंतोष अब भी बना हुआ है, जो आने वाले दिनों में फिर किसी बड़े विवाद को जन्म दे सकता है। अब सबकी नजर इस बात पर टिकी है कि प्रशासन और सरकार इस बार कितनी तेजी और गंभीरता से कदम उठाते हैं।

# Aaj Ka Rashifal 14 April:

## इन चार राशि वालों को नौकरी-व्यापार में मिल सकती है अच्छी सफलता,



14 April Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 14 अप्रैल 2026 का राशिफल।आज के दिन सूर्य और बुध की युति से बुधादित्य राजयोग बन रहा है। वहीं आज धनिष्ठआ नक्षत्र और चंद्रमा कुंभ राशि में संचरण करेंगे। ऐसे में आज के दिन मिथुन राशि वालों को अधूरे कार्यों में सफलता मिलेगी।

### मेष



आज का दिन आपके लिए बहुत ही सकारात्मक और मंगलमय रहेगा। आपके अच्छे कामों और ईमानदारी से आपकी पहचान और सम्मान बढ़ेगा। यदि आपको कोई शारीरिक समस्या परेशान कर रही थी, तो उसमें भी सुधार के संकेत दिखाई देंगे। परिवार के सदस्य आपके कामों में आपका पूरा साथ देंगे, जिससे मन को बहुत खुशी मिलेगी। प्रेम जीवन में रहने वाले लोग साथी के साथ घूमने-फिरने या छोटी यात्रा की योजना बना सकते हैं। हालांकि, किसी विरोधी की बातों में फंसने से बचना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। निवेश या पैसे से जुड़े फैसलों में भी सोच-समझकर कदम उठाएं।

### वृषभ



आज का दिन तरक्की और उन्नति की राह पर आपके लिए अनुकूल रहेगा। राजनीति या पेशेवर क्षेत्र में कार्यरत लोग नए संपर्कों से लाभ पा सकते हैं। परिवार के सदस्यों के साथ कुछ समय व्यतीत करने से पुराने पारिवारिक कलह या असहमति को दूर करने का अवसर मिलेगा। अनजान लोगों से दूरी बनाए रखना बेहतर रहेगा। विद्यार्थी शिक्षा में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और कोई मनपसंद इच्छा पूरी होने से खुशी का अनुभव करेंगे। अपने रहन-सहन और निर्णयों में संतुलन बनाए रखें।

### मिथुन



आज का दिन आपके लिए थोड़ी उलझन भरा और व्यस्त रहेगा। काम का बोझ और इधर-उधर का आना-जाना लगेगा, लेकिन खर्च भी कुछ अधिक रहेंगे। प्रेम जीवन में साथी के लिए कोई सरप्राइज या उपहार लाने का मौका बन सकता है। व्यावसायिक या निवेश संबंधी फैसलों में थोड़ी सावधानी बरतें और योजना बनाकर आगे बढ़ें। जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करना सामाजिक सम्मान और छवि को और निखारेगा। सामाजिक कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी से आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी।

### कर्क



आज का दिन पद और प्रतिष्ठा बढ़ाने वाला रहेगा। कार्य क्षेत्र में मनपसंद काम मिलने के योग हैं, जो आपको संतोष और खुशी देंगे। जीवनसाथी के साथ तालमेल बनाए रखें, ताकि वैवाहिक जीवन में संतुलन बना रहे। विद्यार्थी विदेश में शिक्षा ग्रहण करने के अवसर पा सकते हैं। माता-पिता की सेहत पर थोड़ा एतियात रखें। यदि घूमने-फिरने का कोई प्लान बनाएं, तो अपने कीमती सामानों की सुरक्षा का ध्यान रखें।

### सिंह



आज का दिन लाभ और बुद्धिमानी के प्रयोग का रहेगा। किसी अन्य के मामलों में बेवजह बोलने से बचें और अपनी वाणी को सौम्य रखें। ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति आपसे मिलने आ सकता है। छोटे बच्चों की फरमाइश को पूरा करेंगे, जिससे घर का माहौल सुखमय बनेगा। आय में वृद्धि होगी और आप अपनी बुद्धि और विवेक से फैसले लेकर सबको चौंका सकते हैं। नए अवसरों की पहचान आपके लिए लाभकारी रहेगी।

### कन्या



आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। धार्मिक आयोजन में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जो आपके मन को शांति देगा। आसपास रहने वाले लोगों की पहचान रखें, क्योंकि कुछ मित्र शत्रु भी बन सकते हैं। जिम्मेदारियों में लापरवाही न करें। दूर रहने वाले परिजन से खुशखबरी मिलने की संभावना है। घर में अतिथि आगमन से माहौल खुशनुमा और जीवन में आनंद का अनुभव होगा।

### तुला



आज का दिन सोच-समझकर निर्णय लेने का है। राजनीति या पेशेवर क्षेत्र में बड़े पद की प्राप्ति का मौका मिलेगा, लेकिन काम का दबाव भी अधिक रहेगा। आय बढ़ाने का अवसर हाथ से जाने न दें और जरूरतमंद की मदद भी करें। परिवार में किसी सदस्य को नौकरी या शिक्षा को लेकर बाहर से बुलावा आ सकता है। मेहनत का फल आपको निश्चित रूप से मिलेगा, पर सेहत का ध्यान भी जरूरी रहेगा।

### वृश्चिक



आज का दिन योजनाबद्ध तरीके से काम करने का है। जोश से ज्यादा होश में रहें। खर्चों को लेकर योजना बनाएं, नहीं तो अनावश्यक धन व्यय हो सकता है। प्रॉपर्टी से जुड़ा कोई मामला तनाव दे सकता है। कारोबार में परिवर्तन आपके लिए लाभकारी रहेगा। पुराने मित्र के लिए आर्थिक मदद करना आपको संतोष देगा और संबंध मजबूत करेगा।

### धनु



आज कार्यभार अधिक रहेगा, लेकिन कई काम एक साथ आने से व्यस्तता बढ़ेगी। ससुराल पक्ष से धन लाभ की संभावना है। सांस्कृतिक सुख साधनों में वृद्धि होगी। लंबित सरकारी या व्यावसायिक कार्यों को पूरा करने का समय मिलेगा। बॉस की कोई बुरी बात आपको परेशान कर सकती है, पर आप शांत रहकर परिस्थितियों का सामना करेंगे।

### मकर



आज कोई मनोकामना पूरी होने की संभावना है। घूमने-फिरने का अवसर मिलेगा और सरप्राइज गिफ्ट भी मिल सकता है। संतान की किसी गलती पर तुरंत हां न कहें, नहीं तो बाद में पछतावा हो सकता है। विद्यार्थी पढ़ाई में मन लगाएं और पिताजी की सेहत पर ध्यान दें। सामाजिक कार्यक्रमों में मान-सम्मान मिलेगा।

### कुंभ



आज जोखिम भरे काम से दूर रहें। यात्रा पर जाना पड़ सकता है। डूबा हुआ धन मिलने की संभावना है। बुद्धि का प्रयोग करके नुकसान से बचें। परिवार में किसी सदस्य के विवाह प्रस्ताव से माहौल खुशनुमा रहेगा। मतभेद से दूर रहें और किसी जोखिम भरे काम में हाथ न डालें।

### मीन



आज का दिन चिंताग्रस्त और सतर्क रहने वाला है। मौसम का विपरीत प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। आर्थिक लेन-देन सोच-समझकर करें। जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें सफलता मिलेगी। पुराने मित्र से लंबी मुलाकात होगी। खान-पान पर ध्यान दें और संतान पढ़ाई के लिए कहीं बाहर जा सकती है। अपने कामों में योजना बनाकर चलना जरूरी रहेगा।

# UP: दो घंटे में ही पूरे शहर में फैल गई थी आग,

## 7:30 घंटे तक नोएडा के अलग-अलग इलाकों में उपद्रव; बवाल की कहानी




















गौतमबुद्धनगर जिले में चार दिनों से सुलग रही वेतन बढ़ाने की मांग सोमवार को ज्वाला बन गई। सुबह करीब 9 बजे फेज-2 की मदरसन कंपनी से श्रमिकों का शुरू हुआ प्रदर्शन देखते-देखते हिंसक बन गया। यह आग करीब दो घंटे में पूरे शहर में फैल गई। सड़क पर उतरे कामगारों ने सेक्टर-58, 59, 62, 63 और सेक्टर-84 की कंपनियों में तोड़फोड़ कर दी। इस बीच पुलिस ने कई स्थानों पर लाठीचार्ज किया। हालात पर काबू पाने के लिए आंसू गैस के गोले भी छोड़े।वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे श्रमिकों के उग्र प्रदर्शन में सोमवार को नोएडा में 300 से अधिक कंपनियों में तोड़फोड़ व आगजनी की गई। इस दौरान 100 से अधिक गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई, 20 से ज्यादा वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया। झड़पों में 10 पुलिसकर्मियों समेत 30 से अधिक लोग चोटिल हो गए। दिन में उभरे श्रमिकों के असंतोष के बाद सरकार ने देर रात न्यूनतम मजदूरी दरों में बढ़ोतरी कर दी। नए आदेश एक अप्रैल 2026 से लागू होंगे। अलग-अलग श्रेणियों में अधिकतम करीब 3000 तक का इजाफा हुआ है। यह तात्कालिक फैसला है। आगे व्यापक समीक्षा के साथ वेज बोर्ड के माध्यम से स्थायी समाधान की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। नोएडा आंत्रप्रिन्योर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विपिन मल्हन ने बताया, हिंसक प्रदर्शन में 300 से अधिक कंपनियों को नुकसान पहुंचा है। प्रदेश सरकार ने उच्चस्तरीय समिति का गठन कर जल्द से जल्द रिपोर्ट मांगी है।

## अभिषेक बच्चन ने बताया क्यों नहीं खरीदी आईपीएल में टीम



अभिषेक बच्चन एक अभिनेता के अलावा कबड्डी और फुटबॉल जैसे खेलों में टीमों के मालिक भी हैं। कबड्डी में उनके मालिकाना हक वाली टीम विजेता भी रह चुकी है। हालांकि, दो अलग-अलग खेलों में टीमें खरीदने वाले अभिषेक बच्चन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से दूरी बनाए रखी है। जबकि आईपीएल में प्रीति जिंटा, शाहरुख खान, जूही चावला जैसे स्टार्स ने क्रिकेट टीमों में निवेश कर रखा है। हाल ही में अभिषेक बच्चन ने खुद बताया कि आखिर क्यों उन्होंने आईपीएल से दूरी बनाई है और लीग में कोई टीम में निवेश नहीं किया है । फोर्ब्स के साथ हालिया बातचीत में अभिषेक बच्चन ने बताया कि उन्होंने कभी आईपीएल टीम क्यों नहीं खरीदी। एक्टर ने कहा कि यह बहुत दिलचस्प है। मैं ऐसे किसी को नहीं जानता, जिसे आईपीएल पसंद न हो। मुझे लगता है कि यह खेल मनोरंजन का चरम है। मैं इसमें शामिल होना चाहता था, लेकिन उस समय ईमानदारी से कहूं तो जब यह शुरू हुआ था, तब यह बहुत महंगा था। मैं एक उभरता हुआ अभिनेता था। मेरी फिल्में अभी-अभी अच्छा प्रदर्शन करने लगी थीं, मैं ठीक-ठाक कमाई करने लगा था, लेकिन यह मेरे बजट से बाहर था।अभिनेता ने आगे यह भी बताया कि वित्तीय पहलू के अलावा वह इस खेल में क्या योगदान दे सकते हैं।

## करण औजला के कॉन्सर्ट में हुई झड़प



पंजाबी सिंगर करण औजला इन दिनों पी-पॉप कल्चर टूर को लेकर सुर्खियों में हैं। 12 अप्रैल को मुंबई के महालक्ष्मी रेसकोर्स में उनका कॉन्सर्ट हुआ। वेन्यू के पास हुई एक झड़प के बाद इवेंट में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह झड़प रेसकोर्स परिसर के बाहर, पार्किंग एरिया के पास हुई। लोगों को आपस में हाथापाई करते देखा गया। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में लोग एक-दूसरे पर घूंसे चलाते हुए नजर आ रहे हैं। इस स्थिति से कॉन्सर्ट में आए लोगों में दहशत फैल गई। सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचे और स्थिति को काबू में किया। अब तक किसी के घायल होने या किसी भी तरह की शिकायत की पुष्टि नहीं हुई है।

## मटका किंग' से 'टोस्टर' तक




सिनेमाघरों में 'धुरंधर 2' और 'डकैत' लगी हुई हैं। इन फिल्मों को टक्कर देने हॉरर कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' इस वीक (17 अप्रैल को) रिलीज होने जा रही है। थिएटर के अलावा इस वीक ओटीटी पर भी मनोरंजन प्रेमियों की मौज रहेगी। कई शानदार फिल्में और वेब सीरीज दस्तक देने वाली हैं। जानिए कब और कहां इन्हें देख सकते हैं?राजकुमार और पत्रलेखा द्वारा निर्मित 'टोस्टर' ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 15 अप्रैल से रिलीज होगी। पवन कल्याण मटका किंग' में विजय वर्मा लीड रोल निभा रहे हैं।अस्सीसिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर की यह फिल्म थिएटर्स के बाद अब ओटीटी पर भी आ रही है। फिल्म में इला अरुण, जॉय सेनगुप्ता और आयशा रजा मिश्रा भी अहम भूमिकाओं में हैं। तस्करी पर बेस्ड यह सीरीज 19 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

## साउथ और हॉलीवुड फिल्मों पर भारी पड़ी 'धुरंधर 2




धुरंधर 2' के बाद सिनेमाघरों में कई फिल्में रिलीज हुई हैं। हालांकि बॉक्स ऑफिस पर अब भी 'धुरंधर 2' का जलवा बरकरार है। 26वें दिन फिल्म ने ठीक-ठाक कमाई की है। वहीं 'डकैत' और 'प्रोजेक्ट हेल मेरी' का वीकएंड के बाद कलेक्शन घटा है।19 मार्च को रिलीज हुई 'धुरंधर 2' बॉक्स ऑफिस पर अब भी बनी हुई है। 26वें दिन इसने बॉक्स ऑफिस पर 5.20 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। पहले हफ्ते में फिल्म ने 674.17 करोड़ रुपये कमाए थे। दूसरे हफ्ते में इसकी कमाई 263.65 करोड़ रुपये रही थी। तीसरे हफ्ते में इसने 110.60 करोड़ रुपये कमाए। इस तरह से फिल्म का टोटल कलेक्शन 1088.62 करोड़ रुपये हो गया है।'धुरंधर 2' भारत के साथ-साथ दुनियाभर में अच्छी कमाई कर रही है। वर्ल्डवाइड इसने कुल 1718.62 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। फिल्म की कमाई अगर ऐसे ही जारी रही तो जल्द ही यह 'पुष्पा 2' के वर्ल्डवाइड कलेक्शन को पीछे छोड़ देगी। 'पुष्पा 2' का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 1742.10 करोड़ रुपए है। वर्ल्डवाइड कलेक्शन के मामले में 'बाहुबली 2' और 'दंगल', 'धुरंधर 2' से आगे हैं।मृणाल ठाकुर और अदिवि शेष की अदाकारी वाली साउथ की फिल्म 'डकैत' 10 अप्रैल को रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने चौथे दिन 2.70 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। इसका कुल कलेक्शन 22.50 करोड़ रुपये हो चुका है।

## सलमान खान ने दी प्रीति जिंटा की पंजाब किंग्स को बधाई



सलमान खान ने प्रीति जिंटा की आईपीएल टीम पंजाब किंग्स के लिए चीयर किया है। इसके बाद अब फैंस को उनका 12 साल पुराना ट्वीट यादा आया है। जानिए सलमान ने ऐसा क्या लिखासुपरस्टार सलमान खान इन दिनों सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव नजर आ रहे हैं। अब सलमान ने अपनी दोस्त और अभिनेत्री प्रीति जिंटा को लेकर एक ट्वीट किया है, जो चर्चाओं में बना हुआ है। इस ट्वीट में सलमान ने एक्ट्रेस की आईपीएल टीम पंजाब किंग्स की तारीफ की है। सलमान के इस ट्वीट के सामने आने के बाद अब सोशल मीडिया पर उनका 12 साल पुराना ट्वीट भी वायरल है। सलमान खान ने आज प्रीति जिंटा को मेंशन करते हुए एक ट्वीट किया। इस ट्वीट में उन्होंने लिखा, 'शाबाश जिंटा, बधाई हो जिंटा, टीम अच्छा खेल रही है।' जाहिर है कि सलमान खान ने यह ट्वीट प्रीति जिंटी की आईपीएल टीम पंजाब किंग्स के इस सीजन में बेहतर प्रदर्शन को लेकर किया है। पंजाब किंग्स ने अपने पिछले मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को शिकस्त दी है। सलमान खान का ये ट्वीट सामने आते ही नेटिजंस को भाईजान का 2014 का 12 साल पुराना ट्वीट याद आ गया। इसमें सलमान ने प्रीति जिंटा की टीम को लेकर सवाल किया था। 2014 में किए गए ट्वीट में सलमान खान ने लिखा था, 'क्या प्रीति जिंटा की टीम जीत गई?'अब नेटिजंस सलमान के इस नए ट्वीट को उनके पुराने ट्वीट से जोड़कर देख रहे हैं और मजेदार प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, '12 साल बाद सीक्वल रिलीज हुआ। टाइगर जिंटा है।' दूसरे ने कहा, 'पहली बार इतना मजा आया कि उन्हें दोबारा करना पड़ा।' एक यूजर ने कहा, 'हमें GTA 6 से पहले सलमान का ट्वीट याद आ गया।' एक कमेंट में लिखा था, 'पंजाब कल नहीं खेला, वे आज भी नहीं खेल रहे हैं। लेकिन जिंटा के लिए सलमान का प्यार हर दिन बरकरार है।'सलमान खान और प्रीति जिंटा ने कई फिल्मों में साथ काम किया है, जिनमें रोमांटिक ड्रामा 'चोरी चोरी चुपके चुपके' (2001) और 'हर दिल जो प्यार करेगा' (2000) शामिल हैं।वर्कफ्रंट की बात करें तो सलमानअगली बार 'मातृभूमि' में नजर आएंगे।

# Start-Up:

## स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देगी सरकार जारी करेगी 10,000 करोड़ रुपये




देश में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए सरकार एक कोष स्थापित कर रही है, जो नवाचार आधारित विनिर्माण स्टार्टअप को समर्थन देगा। इसके लिए अनुभवी लोगों को लेकर उद्यम पूंजी निवेश समिति भी बनाई जाएगी। देश में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए सरकार अब 10,000 करोड़ रुपये के साथ स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स 2.0 की शुरुआत करने जा रही है। यह कोष प्रौद्योगिकी, प्रारंभिक विकास चरण और नवाचार आधारित विनिर्माण स्टार्टअप का समर्थन के लिए है। सरकार ने इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इसका उद्देश्य देश के स्टार्टअप इकोसिस्टम के लिए उद्यम और विकास पूंजी जुटाना है। इसके लिए अनुभवी लोगों को लेकर उद्यम पूंजी निवेश समिति बनाएगा। पश्चिमी एशिया संकट के चलते ऊर्जा क्षेत्र में आई परेशानियों से निपटने के लिए केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देना शुरू कर दिया है। इसके तहत पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत तिपहिया इलेक्ट्रिक वाहन यानी ई-रिक्शा, ई-कार्ट आदि के लिए सब्सिडी की समय सीमा 31 मार्च, 2028 तक बढ़ा दी गई है। सब्सिडी की आखिरी तिथि 31 जुलाई, 2026 की गई है।

### योजना की निगरानी के लिए तंत्र भी बनेगा

उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग इस समिति की संरचना और संचालन संबंधी दिशा-निर्देश जारी करेगा। योजना के अमल के लिए मजबूत निगरानी और निरीक्षण तंत्र भी बनेगा। इसमें सरकार और संस्थागत निवेशकों द्वारा सह-निवेश के प्रावधान भी शामिल किए गए हैं। यह योजना देश की आर्थिक दृढ़ता को मजबूत करने, विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने, उच्च गुणवत्ता वाली नौकरियों का सृजन करने और भारत को एक वैश्विक नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित करने में योगदान देगी। बसों के लिए चरणबद्ध निर्माण कार्यक्रम दिशानिर्देशों में छह महीने की छूट दी गई है।

# Unemployment:

## गंभीर रोजगार संकट की चपेट में आई दुनिया 1.2 अरब युवाओं के लिए सिर्फ 40 करोड़ नौकरियां




विश्व बैंक ने चेतावनी दी है कि ईरान युद्ध लंबा चला तो भारत सहित विकासशील देशों में बेरोजगारी की समस्या बढ़ सकती है। भारत सहित विकासशील देशों में करीब 80 करोड़ नौकरियां कम होने का जोखिम बढ़ रहा है। वैश्विक अर्थव्यवस्था पर अनिश्चितताओं के बीच विश्व बैंक ने दुनिया में एक बड़े रोजगार संकट की चेतावनी दी है। विश्व बैंक प्रमुख अजय बंगा ने कहा कि 1.2 अरब लोग कार्यबल का हिस्सा होंगे, लेकिन मौजूदा रफ्तार से केवल 40 करोड़ नौकरियां ही पैदा होंगी। ये वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 से 2024 के बीच भारत को आईएमएफ से सबसे अधिक प्रतिगामी कर सुझाव मिले। ये असमानता बढ़ा सकते हैं क्योंकि इनसे निम्न और मध्यम आय वर्ग पर अधिक बोझ पड़ता है। आईएमएफ द्वारा निम्न और निम्न-मध्यम आय वाले देशों को दिए गए 59 फीसदी कर सुझाव प्रतिगामी थे, जबकि उच्च आय वाले देशों के लिए 52 फीसदी सिफारिशें प्रगतिशील श्रेणी में थीं। प्रतिगामी कर प्रणाली में कम आय वालों पर उच्च आय वालों की तुलना में अधिक बोझ पड़ता है।

### युद्ध लंबा खिंचा तो बढ़ेगा संकट

बंगा ने कहा, युद्ध लंबा चला तो बेरोजगारी बढ़ने का खतरा भी बढ़ता जाएगा। ऐसे में सरकारों और नीति-निर्माताओं को एक साथ कई चुनौतियों से निपटना होगा। युद्ध संकट और दीर्घकालिक विकास दोनों पर फोकस जरूरी है। उन्होंने रोजगार बढ़ाने के लिए विकासशील देशों में नीतिगत सुधारों पर जोर दिया। इसमें कारोबार शुरू करने में आसानी, श्रम कानूनों में सुधार, पारदर्शिता, भ्रष्टाचार पर नियंत्रण और बेहतर व्यापार व्यवस्था जैसे कदम शामिल हैं। एजेंसी संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार, 2025 तक दुनिया भर में 11.7 करोड़ से अधिक लोग विस्थापित हो चुके हैं। यदि रोजगार के पर्याप्त मौके नहीं मिले तो अवैध प्रवासन जैसी समस्याएं और बढ़ सकती हैं। बुनियादी ढांचा, कृषि, पर्यटन और विनिर्माण में निवेश बढ़ाकर रोजगार के अवसर पैदा किए जा सकते हैं। अरबपतियों की संपत्ति में 81 फीसदी की वृद्धि हुई है, इसके बावजूद संपत्ति पर कर बढ़ाने जैसे सुझाव बहुत कम दिए गए।

# Gold-Silver Price

पश्चिम एशिया के नाजुक हालात के बीच सोने-चांदी में जोरदार तेजी

## जानिए सर्राफा बाजार का हाल



पश्चिम एशिया के भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिका-ईरान युद्धविराम की खबरों के बीच सोने और चांदी की कीमतों में भारी तेजी दर्ज की गई है। बाजार के रुझान, निवेश का आउटलुक और सर्राफा बाजार की सटीक जानकारी के लिए पढ़ें पूरी खबर। पश्चिम एशिया में चल रहे भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिका-ईरान के बीच संभावित युद्धविराम की खबरों का सीधा असर सर्राफा बाजार पर दिख रहा है। कमजोर होते अमेरिकी डॉलर और कूटनीतिक स्तर पर बन रही उम्मीदों के चलते शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में चांदी की कीमतों में भारी उछाल दर्ज किया गया, जबकि सोना भी मजबूत होकर 1.55 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार निकल गया है। ऑल इंडिया सर्राफा एसोसिएशन के आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार को चांदी की कीमत 3,800 रुपये या 1.6 प्रतिशत की छलांग लगाकर 2,47,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गई, जिससे गुरुवार की गिरावट (2,43,200 रुपये प्रति किलोग्राम) की पूरी तरह भरपाई हो गई। इसी तरह, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 400 रुपये बढ़कर 1,55,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई, जो पिछले कारोबारी सत्र में 1,54,900 रुपये के स्तर पर थी। इस तेजी ने कीमती धातुओं के लिए एक बेहद मजबूत सप्ताह का समापन किया है। पूरे कारोबारी हफ्ते के दौरान चांदी की कीमत में 10,000 रुपये (4.2 प्रतिशत) और सोने में 3,800 रुपये (2.51 प्रतिशत) की शानदार साप्ताहिक बढ़त दर्ज की गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से होर्मुज जलडमरूमध्य में ट्रांजिट शुल्क लगाने को लेकर ईरान को दी गई चेतावनी ने ऊर्जा बाजारों में अनिश्चितता बढ़ा दी है।

# Report:

## आईएमएफ का दोहरा रवैया उजागर भारत को दिए असमानता बढ़ाने वाले कर सुझाव




अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) अमीर और गरीब देशों के लिए अलग-अलग रवैया अपना रहा है। ऑक्सफेम की रिपोर्ट के मुताबिक, आईएमएफ कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, ब्रिटेन, नीदरलैंड, स्विट्जरलैंड जैसे समृद्ध देशों को प्रगतिशील करों की सलाह दे रहा है, वहीं भारत सहित दक्षिण एशियाई देशों को ऐसे सुझाव मिले जिनका बोझ गरीबों पर पड़ सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 से 2024 के बीच भारत को आईएमएफ से सबसे अधिक प्रतिगामी कर सुझाव मिले। ये असबंगा ने कहा, युद्ध लंबा चला तो बेरोजगारी बढ़ने का खतरा भी बढ़ता जाएगा। ऐसे में सरकारों और नीति-निर्माताओं को एक साथ कई चुनौतियों से निपटना होगा। युद्ध संकट और दीर्घकालिक विकास दोनों पर फोकस जरूरी है। उन्होंने रोजगार बढ़ाने के लिए विकासशील देशों में नीतिगत सुधारों पर जोर दिया। इसमें कारोबार शुरू करने में आसानी, श्रम कानूनों में सुधार, पारदर्शिता, भ्रष्टाचार पर नियंत्रण और बेहतर व्यापार व्यवस्था जैसे कदम शामिल हैं। एजेंसीमानता बढ़ा सकते हैं क्योंकि इनसे निम्न और मध्यम आय वर्ग पर अधिक बोझ पड़ता है।

## भावुक कर देगी कहानी: गरीबी से जंग जीतकर चमके साकिब हुसैन जूते खरीदने के पैसे नहीं थे मां के गहने बेचने पड़े



बिहार के गोपालगंज से आने वाले साकिब हुसैन ने आईपीएल 2026 में अपने डेब्यू मैच में चार विकेट लेकर सभी को प्रभावित किया। आर्थिक तंगी, संघर्ष और मां के त्याग से भरी उनकी कहानी प्रेरणादायक है। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलते हुए उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच जिताऊ प्रदर्शन किया और अपने उज्ज्वल भविष्य की झलक दिखा दी। आईपीएल 2026 का 21वां मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला गया, लेकिन इस मैच की सबसे बड़ी कहानी दो नए नामों ने लिखी- प्रफुल्ल हिंगे और साकिब हुसैन। अपने डेब्यू मैच में दोनों ने ही चार-चार विकेट निकाले। 21 साल के युवा तेज गेंदबाज साकिब ने चार ओवर में महज 24 रन देकर चार विकेट झटक लिए और रन देने के मामले में प्रफुल्ल से भी बेहतर प्रदर्शन किया और राजस्थान जैसी मजबूत टीम की कमर तोड़ दी। साकिब ने जिन बल्लेबाजों को आउट किया, उनमें से कुछ अपने आप में बड़े नाम हैं। उन्होंने यशस्वी जायसवाल जैसे स्टार ओपनर का विकेट लिया। इसके बाद पुछल्ले बल्लेबाजों को जमने का मौका नहीं दिया। साकिब ने जोफ्रा आर्चर, तुषार देशपांडे और रवि बिश्नोई को भी पवेलियन भेजा। उनकी तेज रफ्तार (करीब 145 किमी/घंटा) और सटीक लाइन-लेंथ के साथ गति में विविधता ने सभी को प्रभावित किया। 14 दिसंबर 2004 को बिहार के गोपालगंज में जन्मे साकिब एक साधारण किसान परिवार से आते हैं। आर्थिक स्थिति कमजोर थी लेकिन सपने बड़े थे। शुरुआत में उनका सपना भारतीय सेना में जाने का था, लेकिन उनकी कद-काठी और गेंदबाजी प्रतिभा

## SRH vs RR: क्यों खुश नहीं थे वैभव सूर्यवंशी? राजस्थान के कोच ने बताई वजह हैदराबाद के खिलाफ शून्य पर आउट हुए



वैभव सूर्यवंशी शानदार फॉर्म में होने के बावजूद एसआरएच के खिलाफ मैच में इम्पैक्ट प्लेयर बनाए गए, जिससे वह फील्डिंग नहीं कर सके और इससे वह खुश नहीं थे। कोच ट्रेवर पेन्नी ने इसका कारण टीम कॉम्बिनेशन और अन्य खिलाड़ी की वापसी बताया। वहीं मैच में इशान किशन की 91 रन की पारी की बदौलत SRH ने RR को हराकर उनकी जीत की लय तोड़ दी। सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स को हार का सामना करना पड़ा। इस तरह आरआर का चार मैचों में जीत का सिलसिला रुक गया। राजस्थान टीम की बल्लेबाजी बुरी तरह फ्लॉप रही। 15 साल के वैभव सूर्यवंशी भी खाता नहीं खोल सके। पहले ही ओवर में टीम ने तीन विकेट गंवा दिए थे। अब राजस्थान के कोच ने खुलासा किया है कि वैभव इस मैच में खुश नहीं थे। उन्होंने इसकी वजह भी बताई है। महज 15 साल की उम्र में वैभव ने टूर्नामेंट में तहलका मचा दिया है। राजस्थान रॉयल्स के लिए खेले गए पहले चार मुकाबलों में उनके स्कोर 52, 31, 39 और 78 रहे, जिसमें उन्होंने दो बार सिर्फ 15 गेंदों में अर्धशतक जड़ा। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी ने उन्हें इस सीजन के सबसे चर्चित युवा खिलाड़ियों में शामिल कर दिया है। हालांकि, सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में और उससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच में वैभव को इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में इस्तेमाल किया गया, जिससे उन्हें फील्डिंग का मौका नहीं मिला। इस फैसले को लेकर राजस्थान रॉयल्स के सहायक कोच ट्रेवर पेन्नी ने बड़ा खुलासा किया।

## SRH vs RR: क्यों खुश नहीं थे वैभव सूर्यवंशी? राजस्थान के कोच ने बताई वजह हैदराबाद के खिलाफ शून्य पर आउट हुए



वैभव सूर्यवंशी शानदार फॉर्म में होने के बावजूद एसआरएच के खिलाफ मैच में इम्पैक्ट प्लेयर बनाए गए, जिससे वह फील्डिंग नहीं कर सके और इससे वह खुश नहीं थे। कोच ट्रेवर पेन्नी ने इसका कारण टीम कॉम्बिनेशन और अन्य खिलाड़ी की वापसी बताया। वहीं मैच में इशान किशन की 91 रन की पारी की बदौलत SRH ने RR को हराकर उनकी जीत की लय तोड़ दी। सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स को हार का सामना करना पड़ा। इस तरह आरआर का चार मैचों में जीत का सिलसिला रुक गया। राजस्थान टीम की बल्लेबाजी बुरी तरह फ्लॉप रही। 15 साल के वैभव सूर्यवंशी भी खाता नहीं खोल सके। पहले ही ओवर में टीम ने तीन विकेट गंवा दिए थे। अब राजस्थान के कोच ने खुलासा किया है कि वैभव इस मैच में खुश नहीं थे। उन्होंने इसकी वजह भी बताई है। महज 15 साल की उम्र में वैभव ने टूर्नामेंट में तहलका मचा दिया है। राजस्थान रॉयल्स के लिए खेले गए पहले चार मुकाबलों में उनके स्कोर 52, 31, 39 और 78 रहे, जिसमें उन्होंने दो बार सिर्फ 15 गेंदों में अर्धशतक जड़ा। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी ने उन्हें इस सीजन के सबसे चर्चित युवा खिलाड़ियों में शामिल कर दिया है। हालांकि, सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में और उससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच में वैभव को इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में इस्तेमाल किया गया जिससे उन्हें फील्डिंग का मौका नहीं मिला। इस फैसले को लेकर राजस्थान रॉयल्स के सहायक कोच ट्रेवर पेन्नी ने बड़ा खुलासा किया। उन्होंने साफ कहा, 'पिछले मैच में जब वह फील्डिंग नहीं कर पाए, तो वह खुश नहीं थे क्योंकि उन्हें फील्डिंग करना बहुत पसंद है।

## आयरलैंड दौरे पर जाएंगे वैभव सूर्यवंशी?: चयनकर्ताओं ने किया शॉर्टलिस्ट डेब्यू कर तोड़ सकते हैं सचिन का रिकॉर्ड



Sakib Hussain Cricket Career : वैभव सूर्यवंशी को आयरलैंड दौरे के लिए टीम इंडिया में चुने जाने की प्रबल संभावना है। अगर वह डेब्यू करते हैं, तो भारत के सबसे युवा खिलाड़ी बन सकते हैं। आईपीएल 2026 में उनके शानदार प्रदर्शन ने चयनकर्ताओं और दिग्गजों को प्रभावित किया है, और अब वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखने के बेहद करीब हैं। वैभव सूर्यवंशी का नाम इन दिनों भारतीय क्रिकेट में तेजी से उभर रहा है। खबर है कि उन्हें जून में होने वाले भारत के आयरलैंड के लिए टीम इंडिया में चुना जा सकता है। अगर ऐसा होता है, तो महज 15 साल की उम्र में वह भारत के लिए खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन जाएंगे। चयनकर्ताओं ने उन्हें शॉर्टलिस्ट किया है और जल्द ही इस पर अंतिम फैसला लिया जा सकता है। भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे से पहले आयरलैंड के खिलाफ 26 और 28 जून को दो टी20 मैच खेलेगी। बीसीसीआई के एक सूत्र ने इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में कहा वैभव आयरलैंड दौरे के लिए दावेदार हैं और चयनकर्ताओं ने कई अन्य खिलाड़ियों के साथ उनका नाम भी शॉर्टलिस्ट किया है।' सूत्र ने अखबार को बताया कि चयनकर्ता युवा खिलाड़ियों को मौका देने के मूड में हैं और वैभव इस लिस्ट में सबसे आगे हैं। आईपीएल 2026 में वैभव का बल्ला जमकर बोल रहा है। उन्होंने इस सीजन में कई शानदार पारियां खेली हैं। इनमें आरसीबी के खिलाफ 26 गेंदों में 78 रन, सीएसके के खिलाफ 17 गेंदों में 52 रन और मुंबई के खिलाफ 14 गेंदों में 39 रन की पारियां शामिल हैं। उन्होंने दुनिया के बेहतरीन गेंदबाजों के खिलाफ बिना किसी डर के बल्लेबाजी की है। यहां तक कि जसप्रीत बुमराह की पहली ही गेंद पर छक्का जड़कर उन्होंने

## कौन हैं प्रफुल्ल हिंगे?: SRH के तेज गेंदबाज ने मचाया धमाल पहली बार आईपीएल के शुरुआती ओवर में गिरे तीन विकेट



सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज प्रफुल्ल हिंगे ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में शानदार गेंदबाजी की। प्रफुल्ल ने इस मैच से आईपीएल में डेब्यू किया और अपने पहले ही ओवर में राजस्थान को तीन झटके दिए। प्रफुल्ल पहली बार आईपीएल में खेल रहे हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज प्रफुल्ल हिंगे ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल 2026 के मैच में धमाल मचा दिया। सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को 217 रनों का लक्ष्य दिया। अपने आईपीएल करियर का पहला ओवर डालने आए प्रफुल्ल ने शुरुआती ओवर में ही तीन विकेट झटक कर राजस्थान की पारी लड़खड़ा दी। प्रफुल्ल ने पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच से आईपीएल में डेब्यू किया था, लेकिन उन्हें उस मैच में गेंदबाजी करने का मौका नहीं मिला था क्योंकि वह इम्पैक्ट प्लेयर की लिस्ट में थे और मैदान पर नहीं उतरे थे। इस लिहाज से प्रफुल्ल का राजस्थान के खिलाफ मैच आईपीएल करियर का डेब्यू मुकाबला है। हैदराबाद ने राजस्थान के सामने 217 रन का लक्ष्य रखा। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स ने ईशान किशन की तूफानी 91 रनों की पारी की मदद से 20 ओवर में छह विकेट पर 216 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम ने पहले ही ओवर में तीन विकेट गंवा दिए। प्रफुल्ल ने अपने पहले ही ओवर में वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल और लहुआन ड्री प्रियोटिरयस को पवेलियन भेजा। दिलचस्प बात यह है कि ये तीनों ही बल्लेबाज खाता खोले बिना पवेलियन लौट गए। प्रफुल्ल हिंगे ने इसके बाद राजस्थान रॉयल्स को पांचवां झटका भी दिया। प्रफुल्ल ने रियान पराग को आउट किया जो चार रन बनाकर आउट हुए। इस तरह राजस्थान की आधी टीम महज नौ रन के स्कोर पर पवेलियन लौट गई। प्रफुल्ल आईपीएल में पहली बार गेंदबाजी करने उतरे और उन्होंने पहले ही मैच में अपना दम दिखाया। आईपीएल के इतिहास में यह पहली बार हुआ जब किसी गेंदबाज ने पारी के पहले ही ओवर में तीन विकेट झटके। इस टूर्नामेंट में अब तक 32 बार ऐसा हुआ है जब किसी गेंदबाज ने पारी के शुरुआती ओवर में दो विकेट लिए हैं। लेकिन प्रफुल्ल से पहले कोई गेंदबाज पहले ओवर में तीन विकेट नहीं ले सका है। प्रफुल्ल हिंगे को पहली आईपीएल में खेलने का मौका मिला है। उन्हें इस बार मिनी नीलामी में सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने 30 लाख रुपये में खरीदा था। यह हिंगे का आधार मूल्य भी था। माना जा रहा था कि यह तेज गेंदबाज अपनी गेंदबाजी से हैदराबाद के सरप्राइज पैकेज साबित हो सकता है और हुआ भी ऐसा ही।

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612

